दिनांक- 14.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 194/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़- थाना कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य मय हमराह उ0नि0 अनिल कुमार यादव व हे0कां0 सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.अभिषेक साहू पुत्र भुमानीदीन उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम चुरारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 2.राजकुमार पुत्र भुमानीदीन राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चुरारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिनके कब्जे से क्रमशः 22-20 क्वार्टर झूम ब्राण्ड ठेका देशी नाजायज शराब बरामद करते हुये ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 126/2026 व 127/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-:**

1.उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य

2.उ0नि0 अनिल कुमार यादव

3.हे0कां0 सुमित कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्तगण :-**

1. अभिषेक साहू पुत्र भुमानीदीन उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम चुरारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2. राजकुमार पुत्र भुमानीदीन राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चुरारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा



दिनांक- 14.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 195/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़- थाना अजनर

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्र/मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष थाना अजनर श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित पुलिस टीम, जिसमें उ0नि0 ऋषी शुक्ला, का0 राहुल अग्निहोत्री एवं का0 अमर द्विवेदी, द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 13.06.2026 को एक नफर अभियुक्त अजय अनुरागी पुत्र वृषभान, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम बुधौरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को खोई पावर हाउस के पास बनी पुलिया से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त अजय अनुरागी पुत्र वृषभान, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम बुधौरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर एवं 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया।

बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 99/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 ऋषी शुक्ला, थाना अजनर जनपद महोबा
2. का0 राहुल अग्निहोत्री, थाना अजनर जनपद महोबा
3. का0 अमर द्विवेदी, थाना अजनर जनपद महोबा

### अभियुक्त-

अजय अनुरागी पुत्र वृषभान, निवासी ग्राम बुधौरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### बरामदगी-

- एक अदद देशी तमंचा 315 बोर
- एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर

### अपराध का विवरण-

- मु0अ0सं0 99/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना अजनर जनपद महोबा



दिनांक- 14.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 196/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना/कार्यालयों पर व्यापक स्वच्छता एवं शस्त्र रख-रखाव अभियान संचालित, स्वच्छता का दिया गया संदेश

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों, कार्यालयों एवं पुलिस बैरकों में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।
- उक्त अभियान के अंतर्गत सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना परिसरों, कार्यालयों, बैरकों, शस्त्रागारों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे।
- निर्देशों के अनुपालन में जनपद के सभी थानों द्वारा समन्वित रूप से अभियान चलाते हुए थाना परिसर, आवासीय बैरकों, कार्यालय कक्षों एवं सार्वजनिक स्थलों की व्यापक साफ-सफाई की गई। साथ ही शस्त्रों की विधिवत साफ-सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करते हुए उनकी कार्यक्षमता को बनाए रखने हेतु आवश्यक निरीक्षण भी किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखना, कर्मियों में अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण स्थापित करना है।
- महोबा पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि स्वच्छता एवं रख-रखाव के मानकों का निरंतर पालन किया जाए, जिससे जनपद में बेहतर पुलिसिंग के साथ-साथ एक अनुशासित एवं प्रभावी कार्यसंस्कृति विकसित हो सके।

☞ स्वच्छता, अनुशासन एवं तत्परता—महोबा पुलिस जनसेवा एवं सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



दिनांक- 14.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 197/26

# महोबा पुलिस

## मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल से दाम्पत्य विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान, काउंसलिंग उपरांत आपसी सहमति बनी।

❖ *पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में, जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया, जिसमें मिशन शक्ति केन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

❖ *आज दिनांक 14/06/2026 को थाना स्थानीय पनवाड़ी पर आवेदिका पूजा पत्नी दीपेश कुशवाहा निवासी ग्राम भरवारा, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा द्वारा अपने पति दीपेश कुशवाहा पुत्र बलवान सिंह के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। आवेदिका द्वारा बताया गया कि उसका पति प्रतिदिन शराब के नशे में उसके साथ गाली-गलौज एवं विवाद करता है, जिससे वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से अत्यंत परेशान है।*

❖ *उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में बुलाया गया, जहां मिशन शक्ति टीम द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता एवं धैर्य के साथ दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा आपसी संवाद के माध्यम से उनके बीच उत्पन्न विवाद के कारणों को समझते हुए उन्हें उचित परामर्श दिया गया।*

❖ *मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों को पारिवारिक जीवन के महत्व, आपसी सम्मान एवं सहयोग की भावना के बारे में समझाया गया तथा उन्हें शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से जीवन यापन करने हेतु प्रेरित किया गया।*

❖ *काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद, गाली-गलौज नहीं करेंगे तथा आपसी समझ, सम्मान एवं सहयोग के साथ शांतिपूर्वक जीवन यापन करेंगे।*

❖ *दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनने के उपरांत प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निस्तारण किया गया, जिससे एक परिवार टूटने से बच गया और पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिला।*

❖ *उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी एवं सकारात्मक पहल का परिणाम है, जो न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि परिवारों में आपसी सामंजस्य एवं सामाजिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।*



महोबा पुलिस

दिनांक- 14.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 198/26

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 :- परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से 02 परिवारों में लौटी खुशियाँ, आपसी मतभेद हुए दूर...।

- मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई।
- आज दिनांक 14.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना उ0नि0 निकिता शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।
- कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 13 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान हेतु संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप 02 पति-पत्नी (दंपत्ति) पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है।
- परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।
- परामर्श कार्यक्रम के दौरान म0कां0 मीना, म0कां0 आरती यादव, म0का0 मानसी, म0का0 तृप्ति, म0का0 गुंजा देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर ,श्रीमती अंशू शिवहरे, श्रीमती विभा पुरवार, श्री रामजी गुप्ता, श्री शिवकुमार गोस्वामी आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।





महोबा पुलिस

दिनांक- 14.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 199/26

## सर्किल कुलपहाड़- थाना अजनर

# मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से दो पारिवारिक विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान, काउंसलिंग उपरांत आपसी सहमति बनी।

❖ पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

❖ आज दिनांक 14.06.2026 को थाना स्थानीय अजनर पर आवेदिका अनीता पत्नी प्रदीप निवासी ग्राम श्यावन, थाना अजनर जनपद महोबा द्वारा अपने पति प्रदीप पुत्र मैया दिन के विरुद्ध आए दिन गाली-गलौज एवं विवाद किए जाने के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

❖ इसी क्रम में आवेदिका संगीता पत्नी चूरामन निवासी ग्राम खोई, थाना अजनर जनपद महोबा द्वारा अपने पति चूरामन पुत्र ठाकुरदास राजपूत के विरुद्ध गाली-गलौज एवं विवाद किए जाने के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

❖ दोनों प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र की टीम द्वारा दोनों मामलों के उभय पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा उन्हें समझाया-बुझाया गया।

❖ काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को आपसी संवाद, संयम एवं पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया, जिसके फलस्वरूप दोनों मामलों में पक्षकारों द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद, गाली-गलौज या मारपीट न करने की सहमति व्यक्त की गई।

❖ दोनों प्रकरणों में पक्षकारों द्वारा आपसी समझौता कर लिखित समझौता पत्र प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात दोनों पक्षों को थाना हाजा से ससम्मान रुखसत किया गया।

❖ उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल का परिणाम है, जिससे पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिला है एवं महिला सुरक्षा के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है।






दिनांक- 14.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 200/26

# महोबा पुलिस

## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ की अध्यक्षता में पुलिस गोष्ठी संपन्न, कानून-व्यवस्था व अभियानों की व्यापक समीक्षा, मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी बैठक एवं सघन पैदल गश्त...।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में नवागत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध सिंह द्वारा थाना पनवाड़ी एवं थाना महोबकंठ में नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों, आरक्षीगण तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी आयोजित की गई।
- गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा शासन की प्राथमिकताओं एवं जनपद में संचालित विभिन्न अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विशेष रूप से साइबर अपराधों की रोकथाम, मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा साइबर अपराध संबंधी CyTrain प्रशिक्षण पर बल देते हुए आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।
- इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र में घटित अपराधों एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी, निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को जनसुनवाई, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं बीट पुलिसिंग को प्राथमिकता देने तथा जनता के साथ संवेदनशील एवं व्यवहारिक संवाद स्थापित करने हेतु प्रेरित किया।
- क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने पर विशेष बल देते हुए सभी कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया गया।
- इसी क्रम में थाना महोबकंठ में आगामी मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में क्षेत्र के धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।
- त्यौहार के दृष्टिगत थाना महोबकंठ क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त (फ्लैग मार्च) किया गया, जिसमें प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन में सुरक्षा का भाव स्थापित किया गया।
- पुलिस प्रशासन द्वारा सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने का अनुरोध किया गया।






दिनांक- 14.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 201/26

# महोबा पुलिस

## मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा का सघन रूट मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण—अधिकारियों को दिए सख्त दिशा-निर्देश

- आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जनपद महोबा में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आज दिनांक 14.06.2026 को क्षेत्राधिकारी नगर, श्री रविकान्त गोंड के साथ संयुक्त रूप से थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील, अति-संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सघन रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया।
- रूट मार्च के दौरान प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों एवं ताजिया मार्गों का गहन निरीक्षण करते हुए क्षेत्रीय स्थिति का जायजा लिया गया तथा स्थानीय पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया गया। इस दौरान चिन्हित संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी एवं सतत गश्त सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस-प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित अधिकारी प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निरंतर संवाद बनाए रखें तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु पर्याप्त तैयारी सुनिश्चित करें।
- साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना/अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को उपलब्ध कराएं।




